मंगलवार
11 जनवरी 2022



पृष्ठ 4
स्वस्थ बालों के लिए घर पर बनाएं हेयर मास्क



पृष्ठ 5
बॉलीवुड में काम करने को तैयार हैं साउथ की स्टार साई पल्लवी



● देहरादून
● वर्ष 28
● अंक 326
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

धन तो वापस किया जा सकता है परंतु सहानुभूति के शब्द वे ऋण हैं जिसे चुकाना मनुष्य की शक्ति के बाहर है।
– सुदर्शन

# दूनवैलीमेल

29 वां वर्ष email: doonvalley_news@yahoo.com आर.एन.आई.- 59626/94 Website: dunvalleymail.com सांध्य दैनिक डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## भाजपा-कांग्रेस के सामने कड़ी चुनौती

संवाददाता

देहरादून। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भाजपा व कांग्रेस में विधायक बनने की चाह रखने वालों की लम्बी लाईन लगनी शुरू हो गयी है जहां गढवाल मण्डल में दावेदारों ने पार्टी पदाधिकारियों की नींद उडा रखी है तो वहीं मौजूदा विधायक भी अपनी जीत को सुनिश्चित मानकर नहीं चल रहे हैं। इन बगावती तेवरों को देखते हुए दोनों दलों के हाईकमान के पसीने छूटने लगे हैं।

उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के बाद से ही प्रदेश में दो दलों की ही सरकार बनी है। दोनों की राष्ट्रीय दल भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस ने आपस में हाथ आजमाये है इसके अलावा कोई भी दल इनके सामने खडा नहीं हो सका। यहां तक कि स्थानीय दल उत्तराखण्ड क्रांति दल भी इनके सामने नहीं टिक पाया। इस बार जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो जनता ने इनसे काफी उम्मीदें बांध रखी थी लेकिन शुरू के सरकार के मुखिया जनता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे तो पार्टी हाईकमान ने सत्ता परिवर्तन करते हुए तीरथ सिंह रावत को सत्ता



❑टिकट के दावेदारों की है लम्बी लाईन
❑बगावती सुर खड़ी कर सकते हैं परेशानियां

सौंपी लेकिन वह भी कुछ खास नहीं कर सके तो हाईकमान ने युवा हाथों में प्रदेश की कमान सौंपी तो पुष्कर सिंह धामी ने सत्ता की कमान सम्भालते ही कुछ ऐसे निर्णय लिये जिससे जनता में उम्मीद की किरण जागी कि अब प्रदेश का कुछ भला हो सकता है तो वहीं पार्टी कार्यकर्ता भी अति उत्साहित दिखायी दिये और उन्होंने प्रदेश की सडकों पर यह नारे लगाने शुरू कर दिये कि अबकी बार 60 पार। अब जैसे ही चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा कर आचार संहिता प्रदेश में लगा दी तो दोनों दलों में विधायक बनने के दावेदारों की लाईन लगनी शुरू कर दी। दावेदारों की लाईन को देखकर दोनों दलों के पार्टी हाईकमान के भी पसीने निकलने शुरू हो गये है। तराई की सीटों पर निगाह डाले तो मात्र रानीखेत से भाजपा से 13 लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की है तो वहीं जागेश्वर से 9 व अल्मोडा से 6 लोगों ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। इसके साथ ही कांग्रेस के उत्साहित कार्यकर्ता भी पीछे नहीं है इसमें सितारगंज से 11 व गदरपुर से 11 लोगों ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। जबकि यह हालात तो तराई क्षेत्र की है इसके अलावा हरिद्वार, देहरादून में तो कई नेता अपने आपको बिना लडे ही विधायक मानकर चल रहा है। यहां पर भी मात्र कैण्ट विधानसभा के लिए दोनों दलों से मारामारी शुरू हो रखी है। क्योंकि 8 बार के विधायक हरबंस कपूर की मृत्यु के बाद सभी अपनी दावेदारी पेश कर रहे है। यहां पार्टी हाईकमान के लिए काफी दिक्कत आ सकती है कि किसको टिकट दें। जहां एक ओर टिकट के दावेदारों की लम्बी लाईन लगनी शुरू

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## आम आदमी पार्टी ने जारी की 18 प्रत्याशियों की सूची

संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने 18 प्रत्याशियों ने नामों की घोषणा करते हुए उनकी दूसरी सूची जारी कर दी है।

उत्तराखण्ड में आगामी विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जहां राष्ट्रीय दलों में अपने यहां बगावत होने के डर से अभी तक अपने प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा करने से भी गुरेज रखी हुई है तथा उनके नेता शीघ्र ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने की बयानबाजी कर रहे हैं वही दूसरी ओर आम आदमी पार्टी ने अपने प्रत्याशियों के नामों की दूसरी सूची जारी कर दी है। जिसके चलते रविन्द्र आनन्द को कैण्ट सीट से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसके साथ ही गुड्डू लाल – थराली, सुमंत तिवारी – केदारनाथ, अमेन्द्र बिष्ट – धनौल्टी, नवीन पिरशाली – रायपुर, त्रिलोक सिंह नेगी – टिहरी, राजू मौर्य – डोईवाला, ममता सिंह – ज्वालापुर, मनोरमा त्यागी – खानपुर, गजेंद्र चौहान – श्रीनगर, अरविंद वर्मा – कोटद्वार, नारायण सुराड़ी – धारचूला, प्रकाश चंद्र उपाध्याय – द्वाराहाट, तारा दत्त पांडेय – जागेश्वर, सागर पांडेय – भीमताल, डॉ भुवन आर्य –नैनीताल, जरनैल सिंह काली – गदरपुर तथा कुलवन्त सिंह (किच्छा) से अपने प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

## राजधानी दिल्ली में सभी प्राइवेट ऑफिस बंद, घर से काम करेंगे कर्मचारी!

नई दिल्ली। कोरोना के बढ़े मामलों के बीच दिल्ली में अगले आदेश तक सभी प्राइवेट कंपनियों के ऑफिस को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सभी कर्मचारी घर से काम करेंगे। इस नियम से केवल उन्हीं कुछ कंपनियों को छूट दी गई है, जो जरूरी सेवाओं के तहत आते हैं। अभी तक कार्यालयों में ५० प्रतिशत कर्मचारी के आने की इजाजत थी जबकि बाकी के लिए घर के काम करने को कहा गया था। सभी बार और रेस्तरां भी बंद रहेंगे। रेस्तरां में बैठकर भोजन करने पर पाबंदी होगी। इसके निर्देश सोमवार को जारी किए गए थे। रेस्तरां से टेकअवे की सुविधा जारी रहेगी।

बहरहाल, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की ओर से मंगलवार को दिल्ली के लोगों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई। जारी गाइडलाइन के अनुसार भारत सरकार या इससे जुड़े कार्यालयों, पब्लिक सेक्टर यूनिट आदि के कर्मचारी वैलिड आईडी कार्ड दिखाकर छूट पा सकते हैं। इसके अलावा सभी जजों, कोर्ट से जुड़े अधिकारी, वकील, कानूनी सलाहकार आदि भी वैलिड आईडी कार्ड के आधार पर कार्यालय जा सकते हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों, क्लीनिक से जुड़े डॉक्चर, नर्स, स्टाफ आदि को भी छूट मिलेगी। दिल्ली में प्रति जोन हर दिन केवल एक साप्ताहिक बाजार के संचालन की अनुमति दी जाएगी। इसके पहले केजरीवाल ने रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के तेज गति से फैलने को गंभीर चिंता बताया था।

## देश में पिछले 24 घंटे में आए कोरोना संक्रमण के 1.68 लाख नए मामले

नई दिल्ली। भारत में ओमीक्रोन वेरिएंट की वजह से जारी कोरोना की तीसरी लहर के बीच नए मामलों में कमी नजर आई है। पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमण के देश में १.६८ लाख केस सामने आए हैं। कल सुबह के अपडेट के मुकाबले नए मामलों में यह करीब ६.४ प्रतिशत कम है। भारत में कल १ लाख ७६ हजार ७२३ कोरोना मामले दर्ज हुए थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले २४ घंटे में देश में २७७ मरीजों की मौत भी हुई है। वही, देश में एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर ८,२१,४४६ पहुंच गई है। दैनिक संक्रमण दर में कमी आई है। कल के १३.२६ प्रतिशत के



मुकाबले ये नीचे आकर १०.६४ प्रतिशत हो गया है। इस बीच देश में ओमीक्रोन के मामले बढ़कर ४४६१ हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक १० जनवरी तक देश में कुल ६९,३१,५५,२८० सैंपल का टेस्ट किया जा चुका है। इसमें से कल सोमवार को १५,७६,६२८ नमूनों का टेस्ट हुआ। आंकड़ों के मुताबिक पिछले २४ घंटों में कम से कम ६९,९५९ मरीज कोरोना से ठीक हुए हैं। ऐसे में कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या ३,४५,७०,१३१ हो गई है। भारत में अभी रिकवरी रेट ९६.३६ फीसदी है। साथ ही भारत अब तक वैक्सीन की १५२.८९ करोड़ डोज दी जा चुकी है। देश में सोमवार से बूस्टर डोज लगाने की भी शुरुआत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ९ लाख से अधिक स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी, फ्रंट लाइन वर्कर्स और गंभीर बीमारी वाले ६० की उम्र से अधिक के नागरिकों को बूस्टर डोज लगाई गई। महाराष्ट्र कोविड महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में से एक है। यहां सोमवार को ३३,४७० नए मामले दर्ज हुए। महाराष्ट्र में वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के भी ३१ नए मामले दर्ज किए गए।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पुलिस की बगावत प्रदेश के लिए घातक

उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण से पहले भी यहां पर पुलिस विभाग अनुशासित होता था। दरोगा के सामने सिपाही व अधिकारी के सामने दरोगा की बोलने की हिम्मत तक नहीं होती थी। राज्य निर्माण के बाद इस विभाग में थोडी सी तबदीली जरूर आयी थी कि सिपाही भी अपने अधिकार के लिए बोलने लगे थे। इसका मुख्य कारण था उनका ग्रेजुएट होना। पहले सिपाही आठवीं व दसवीं पास भर्ती होता था लेकिन राज्य बनने के बाद पुलिस भर्ती में बीए व एमए तक के छात्रों ने सिपाही के पद के लिए आवेदन किया और वह इसमें भर्ती हो गये। जिसके बाद अधिकारियों को भी सम्भल के चलना पडा। इसके बाद कई बार पुलिस विभाग में बगावत के स्वर उठते सुनायी दिये लेकिन अधिकारियों ने उनको शांत कर दिया। यहां सोचने वाली बात यह है कि जिस विभाग में दाढी व मूंछ रखने के लिए भी अनुमति लेने का प्रावधान हो उस विभाग में बगावत से सुर निकलना काफी खतरनाक बात है। जिस विभाग के ऊपर जनता की सुरक्षा का जिम्मा हो और जिसके कारण जनता अपने को सुरक्षित महसूस करती हो और उसी विभाग के कर्मचारी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हों तो यह काफी चिन्ता की बात है। पहले बगावत के स्वर ऐसे ही बिना किन्ही का रणों के उठते थे जिनको अधिकारियों द्वारा दबा लिया जाता था लेकिन इस बार तो सरकार ने ही बगावत करने का रास्ता व कारण दे दिया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग में सिपाहियों का ग्रेट पे बढाने की घोषणा कर दी। लेकिन घोषणा मात्र घोषणा ही साबित हुई तो पुलिस विभाग के कर्मचारियों के परिवार वालों का आक्रोषित होना लाजमी था। हुआ भी कुछ ऐसा ही। पुलिस परिवार सडकों पर उतर आया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गये। क्योंकि सरकार ने घोषणा तो कर दी लेकिन उसका शासनादेश जारी नहीं किया। जबतक शासनादेश जारी नहीं हुआ तब तक घोषणा को मात्र एक लालीपोप ही माना जाता है। यहां फिर बात सामने आ गयी पढे लिखे व अनपढ वाली। पहले सिपाही आठवीं व दसवीं पास होता था उसको इस बात की ज्यादा जानकारी नहीं होती थी उसको जो अधिकारियों ने बोल दिया उसके लिए वहीं सबकुछ होता था। लेकिन अब तस्वीर दूसरी है अब सिपाही ग्रेजुएट है उसको अपने अधिकारों के बारे में पता है इसलिए उसको गुमराह करना इतना आसान नहीं हैं। अब सिपाही वो सिपाही नहीं रह गया कि जिसको रात में बारिश में खडा कर दो तो वह अधिकारी की बात को सरोपरी मानता था लेकिन अब सिपाही पढा लिखा है तो बारिश में खडे करने वाले अधिकारी से साफ शब्दों में छाते की मांग करता है। इसलिए अब काफी हद तक अधिकारी भी यह समझ चुके हैं कि अब वह जमाना नहीं रह गया कि आप अपनी मनमर्जी कर सकें। लेकिन नेताओं को अभी तक इस बात का अभास नहीं था। उन्होंने अभी भी वहीं पुराना जमाना समझ रखा है कि घोषणा कर दी और सब खुश हो जायेंगे लेकिन अब ऐसा नहीं है अब तो अगर घोषणा की है तो उसको अमल में भी लाना होगा नहीं तो विरोध के स्वर सुनने पढेंगे। अब हालात ऐसे हो गये हैं कि जहां एक ओर पुलिस परिवार सडकों पर उतर आया तो वहीं सिपाहियों ने भी अपने इस्तीफे देने व वीआरएस लेने की घोषणाएं कर दी। जो कि इस प्रदेश के लिए काफी घातक साबित हो सकता है। जो फोर्स अपने अनुशासित होने के लिए जानी जाती हो और उसमें ही बगावत के स्वर निकलने शुरू हो जायें तो यह प्रदेश व समाज के लिए घातक साबित होगा जिसको ध्यान में रखते हुए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे नहीं तो यह सरकार के लिए और इस प्रदेश के लिए काफी घातक साबित होगा।

# भ्रष्ट आचरण के दायरे में हो प्रलोभन देना

अनूप भटनागर

यह कितना विचित्र है कि चुनाव में निष्पक्षता के नाम पर मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने को सरकार प्राथमिकता दे रही है, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों और उनके नेताओं द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले वादे करने की प्रवृत्ति को भ्रष्ट आचरण के दायरे में शामिल करने पर उसने मौन साध रखा है।

संसद ने विपक्ष के विरोध के बावजूद लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष बनाने और फर्जी मतदान पर अंकुश पाने के लिए मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी है। यह कानून बनने पर निकट भविष्य में न्यायिक समीक्षा के दायरे में आ सकता है।

संसद से मंजूर कराया गया यह संशोधन एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन बेहतर होता कि सरकार ने इतनी ही प्रतिबद्धता चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन देने की राजनीतिक दलों की गतिविधियों को जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के दायरे में शामिल करने के प्रति दर्शायी होती। फिर कानून में संशोधन करके संगीन आपराधिक मामलों का सामना कर रहे व्यक्तियों को चुनाव लड़ने की अयोग्यता संबंधी प्रावधान के दायरे में शामिल किया होता।

इस समय, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित पांच राज्यों की विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। लगभग सभी राजनीतिक दल और इनके नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए उनसे एक निश्चित राशि का महिलाओं को मासिक भत्ता देने से लेकर मुफ्त बिजली, पानी, किसानों को कर्ज माफी और न जाने कौन-कौन से वादे कर रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त में रेवड़ियां बांटने के वादे की प्रवृत्ति से चिंतित शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने के संबंध में अलग से कानून बनाने का भी सुझाव दिया था।

न्यायालय ने जुलाई, 2013 में अपने फैसले में कहा था कि चुनाव घोषणापत्रों में मतदाताओं से किये गये वादे जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं होते हैं, लेकिन इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि मुफ्त में रेवड़ियां देने के वादे समाज के सभी वर्गों को प्रभावित करते हैं। न्यायालय ने राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने के संबंध में अलग से कानून बनाने का 2013 में सुझाव दिया था। लेकिन इस संबंध में सत्तारूढ़ राजग ही नहीं बल्कि विपक्षी दल भी चुप्पी लगाए हैं।

बहरहाल, सरकार मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नाम होने की वजह से फर्जी मतदान की समस्या पर नियंत्रण के लिए आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ने का प्रावधान करने संबंधी निर्वाचन विधि (संशोधन) के माध्यम से जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 23 में संशोधन के प्रस्ताव को संसद से मंजूर कराने में सफल रही है। इस कानूनी प्रावधान का मकसद मतदाता पंजीकरण अधिकारी को ऐसे लोगों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार कार्ड संख्या मांगने का अधिकार प्रदान करता है, जो मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण कराना चाहते हैं।

सरकार का कहना है कि एक बार मतदाता सूची से आधार कार्ड को जोड़ने का लक्ष्य हासिल हो जाने पर जब कभी भी कोई व्यक्ति नये पंजीकरण के लिए आवेदन करेगा तो मतदाता सूची की आंकड़ा प्रणाली तत्काल संबंधित अधिकारी या प्रणाली को पहले से मतदाता का नाम सूची में होने के बारे में सतर्क कर देगी। इस विधेयक का विरोध कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों का आरोप है कि इस प्रावधान के माध्यम से मतदाताओं के निजता के अधिकार का हनन होगा। इसके विपरीत, सरकार का दावा है कि इससे फर्जी मतदान रोकने में मदद मिलेगी और मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार का कहना था कि चुनाव सुधारों के संबंध में संसद की स्थायी समिति ने भी सिफारिश की थी कि मतदाता सूची को ठीक करने के लिए आधार कार्ड का उपयोग करना चाहिए। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन को भरोसा दिलाया कि सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर 'नकली एवं फर्जी वोटरों' को खत्म करना चाहती है। इसलिए इसका विरोध नहीं बल्कि स्वागत होना चाहिए।

जनप्रतिनिधित्व कानून में एक नया प्रावधान शामिल होने से मतदाताओं के निजता के अधिकार के हनन और मतदाताओं से संबंधित आंकड़े लीक होने जैसी आशंकाओं का निराकरण करते हुए सरकार ने यह भरोसा दिलाया है कि संबंधित आंकड़े सिर्फ निर्वाचन आयोग के पास ही रहेंगे और यह पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। सरकार का कहना है कि मतदान अधिकारी मतदाता की पहचान स्थापित करने मात्र के लिए आधार कार्ड का उपयोग करेंगे। सरकार का यह प्रयास भले ही फर्जी मतदान की घटनाओं पर अंकुश लगाने में कामयाब हो जाए लेकिन इस समय मतदाताओं को मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करके चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने वाले राजनीतिक दलों और इनके नेताओं पर अंकुश लगाना ज्यादा जरूरी है।

उम्मीद है कि सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर रहे राजनीतिक दलों के मतदाताओं को प्रलोभन देने के आचरण पर रोक लगाने के लिए भी जनप्रतिनिधित्व कानून में आवश्यक संशोधन करेगी।

वैश्वानरस्य विमितानि चक्षसा सानूनि दिवो अमृतस्य केतुना।
तस्येदु विश्वा भुवनाधि मूर्धनि वया इव रुरुहुः सप्त विस्रुहः।।

(ऋग्वेद ६-७-६)

मनुष्यों के हितकारी पदार्थों का ज्ञान परमेश्वर के ज्ञान के प्रकाश से होता है। ऊंचे से ऊंचा ज्ञान का शिखर परमेश्वर के ज्ञान के प्रकाश से प्राप्त होता है। सभी लोक-लोकांतर परमेश्वर पर ही आधारित हैं। सात ज्ञान के स्रोत अर्थात सात छंदों में वर्णित वेदों का ज्ञान भी परमेश्वर द्वारा प्रकाशित है। परमेश्वर ही सब का आधार है।

The knowledge of beneficial substances to the living beings comes from the light of God. The highest peak of knowledge is attained by the light of God. All the worlds are based on the Supreme Lord. The seven sources of knowledge, i.e., the knowledge of the Vedas described in the seven Chhanda, are also illuminated by God. God is the base of all.

(Rig Veda 6-7-6)

# सार्वजनिक संपत्ति से हटवाएं बैनर व पोस्टर

पौड़ी (आरएनएस)। विधानसभा चुनावों को लेकर प्रभावी आचार संहिता के मद्देनजर सरकारी और सार्वजनिक सम्पत्तियों से बैनर-पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही। नगर पालिका क्षेत्रों के साथ ही अब ग्रामीण क्षेत्रों में लगी प्रचार सामग्री को हटाया जा रहा है। सोमवार को पौड़ी और थलीसैंण क्षेत्रों में प्रचार सामग्री को हटया गया। चुनाव आयोग ने सामग्री हटाने के निर्देश दिए थे। सोमवार को पाबौ, सरणा, चौबट्टा बाजार सहित सबधारखाल, खांड्यूसैंण, घंडियाल आदि क्षेत्रों से राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री को सार्वजनिक सम्पत्तियों से हटाया गया।

पौड़ी के एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के बाद पौड़ी-देवप्रयाग मार्ग और कल्जीखाल घंडियाल रूट पर लगी प्रचार सामग्री को बिजली, टेलीफोन पोल, बस स्टेशन आदि से हटाया गया है। जबकि जहां नारे या प्रचार आदि सार्वजनिक दीवारों पर लिखे वहां वॉल पेंटिंग की जा रही है। पूरी विधानसभा से प्रचार सामग्री को हटाया जाएगा। थलीसैंण के एसडीएम अजय वीर ने भी सोमवार को पाबौ से लेकर चौबट्टा बाजार आदि स्थानों पर सार्वजनिक सम्पत्ति पर लगी प्रचार सामग्री को हटाया। आयोग के निर्देशों पर प्रचार सामग्री को हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पूर्व शनिवार और रविवार को भी सरकारी भवनों से प्रचार सामग्री हटाने काम किया गया था। विभिन्न क्षेत्रों से ४ हजार पोस्टर-बैनर, ६ हजार पंपलेट, एक हजार से अधिक झंडे हटाए गए हैं।

# टिहरी में 64066 बच्चों को दी जायेगी पोलियो की खुराक

नई टिहरी (आरएनएस)। जनपद में आगामी २३ जनवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डीएम इवा श्रीवास्तव ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। बैठक में डीएम ने २३ से २६ जनवरी पूरे एक सप्ताह तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा व कार्यक्रम विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान कोविड-१६ के नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद के ० से ५ वर्ष के ६४०६६ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिसके लिए पर्वतीय क्षेत्र में ६२० व ढालवाला क्षेत्र में ६० बूथ बनाये गए हैं। इस अभियान में हाउस टू हाउस पोलियो की खुराक पिलाये जाने के लिए १२५७ टीमों का गठन किया गया है।

# हर बूथ में 4 कर्मचारी होंगे तैनात

पौड़ी (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डा. विजय कुमार जोगदंडे ने एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ पोलिंग बूथों के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले के हर बूथ में चार कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्मिकों का डाटा भी तैयार किया जाएगा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा चुनाव में गंभीरता से कार्य करें। कहा कि संबंधित डाटा के आधार पर कार्मिकों को नियुक्ति आदेश जारी भी किया जाएगा। कार्मिकों के नियुक्ति आदेश के बाद प्रथम सत्र में पीठासीन अधिकारी व प्रथम निर्वाचन अधिकारियों की ट्रेनिंग की जाएगी। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया की समस्त जानकारी दी जाएगी। बैठक में सीडीओ प्रशांत कुमार आर्य, एनआईसी अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

# बैक डेट पर जारी शासनादेशों की चुनाव आयोग से होगी शिकायतः गोदियाल

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सरकार पर आचार संहिता लगने के बाद बैक डेट से शासनादेश जारी करने और भ्रष्टचार में लिप्त होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के बाद बैक डेट से जारी शासनादेशों की चुनाव आयोग से कांग्रेस विधिवत शिकायत दर्ज करेगी। उन्होंने राजकीय मेडिकल कॉलेज के संविदा और दैनिक कर्मियों को ठेके पर दिए जाने पर कहा कि सरकार ने कर्मचारियों के साथ धोखा किया है।

सोमवार को श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत में गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर मेडिकल कॉलेज के संविदा और दैनिक कर्मियों को ठेके पर रखने के शासनादेश को वापस लिया जाएगा और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर कर्मचारियों के नियमितिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि डा. धन सिंह रावत ने नगर पालिका में मिली हार का बदला कर्मचारियों से लिया है। आरोप लगाया कि आचार संहिता लगने के बाद भी सहकारिता मंत्री के चहेतों को नौकरी पर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी के कांग्रेस में शामिल होने पर सरकार की ओर से सजा के तहत हटाया गया है। कहा जांच में जिला पंचायत अध्यक्ष पर लगाए गए आरोप भी झूठे साबित हुए है। अब कोर्ट से भी उन्हें जल्द न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि १६ जनवरी के बाद भी रैली आदि के आयोजनों पर प्रतिबंध जारी रहा तो चुनाव आयोग के नियमों का पालन कर इलेक्ट्रानिक माध्यमों से प्रचार किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र पुंडीर, पीसीसी वीरेंद्र सिंह नेगी, लाल सिंह नेगी, जगदीश भट्ट, अंकित रावत, महेंद्र सिंह रावत सुमन, राजेंद्र सिंह रावत, भगत डागर आदि मौजूद रहे।

# महिला और बच्चों को किया पुलिस ने जागरूक

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। थाना ऊखीमठ पुलिस ने भीरी की महिलाओं और बच्चों को साइबर क्राइम की घटनाओं एवं गौरा शक्ति एप के प्रति जागरूक कराया। साथ ही कोई भी शंका होने पर पुलिस को सूचना देने की कहा। इस दौरान कोविड के नियमों का पूरा ध्यान रखा गया।थाना ऊखीमठ पुलिस ने बताया कि वर्तमान में सभी के पास स्मार्ट मोबाइल फोन हैं। जिनसे सभी के बैंक खाते भी जुड़े हैं। खातों के साथ ही एटीएम भी होंगे। ऐसे में सभी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। आपको किसी भी प्रकार के लालच में नहीं आना है। अपने खाते, एटीएम कार्ड से सम्बन्धित जानकारी किसी से भी साझा नहीं करनी हैं। साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन नम्बर १५५२६० पर कॉल करने के लिए बताया गया। इसके साथ ही गौरा शक्ति एप के बारे में जानकारी के प्रति जागरूक किया गया। महिला अपराध की घटनाओं के लिए ११२ पर कॉल करें। साथ ही थानाध्यक्ष ऊखीमठ का मोबाइल नम्बर भी दिया गया। पुलिस स्तर से इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर चलाए जाएंगे।

# ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें करवाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। ग्राम प्रधान संगठन ने कीर्तिनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में खुली बैठक करवाने की मांग की है। प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल की ओर से खंड विकास अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि कई ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें नहीं हो पाई हैं। जिस पर उन्होंने मौखिक रूप से एडीओ पंचायत से वार्ता की, लेकिन उन्होंने आचार संहिता का हवाला देते हुए खुली बैठकें करवाने में असमर्थता जताई है। कहा यदि ग्राम सभाओं में खुली बैठकें नहीं होंगी तो प्रस्ताव किस तरह से पास होंगे। यदि प्रस्वात पास नहीं होंगे तो अगले वित्तीय वर्ष में ग्राम सभाओं में कई कार्य अधर में लटक जाएंगे। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से इस मामले में त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

# शीतकालीन प्रवासी मतदाता निकटवर्ती मतदान केन्द्रों में करेंगे मतदान

चमोली (आरएनएस)। आगामी विधानसभा सभा निर्वाचन में चमोली जिले के शीतकाल प्रवासी मतदाताओं के लिए निकटतम व अतिरिक्त बूथ की व्यवस्था होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेमंत वर्मा ने बीएलओ, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व संबंधित प्रधानों के साथ बैठक में इस विषय पर विमर्श किया।बैठक में बताया गया कि बद्रीनाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंर्तगत तहसील जोशीमठ के अत्यधिक ऊंचाई वाले हिमाच्छादित ६ मतदेय स्थलों के ३ हजार ६६१ मतदाता शीतकाल में अपना मूल स्थान छोड़कर जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों में निवासित हो जाती है।

माणा से ८१६ मतदाता शीतकाल निवास घिंघराण, मल्ला नैग्वाड़, तल्ला नैग्वाड़, सैटूणा, नरों, सिंहधार जोशीमठ, पांडुकेश्वर में शीतकालीन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर मतदान करेंगे। नीती से २२१ मतदाता भीमतला, कौड़िया, बालखिला के नजदीकी पोलिंग बूथ में मतदान करेंगे। गमशाली, बाम्पा, फरकिया से ८१४ मतदाता बोंला, चमेली,न्यू चमेली घिंघराण, जोशीमठ, मठ, कोठियालसैण, छिनका, कौड़िया, गोपेश्वर। बाम्पा से छिनका, थिरपाक, बिजार, गणेशनगर, कर्णप्रयाग, मुनियाली, बाजपुर, भीमताल, सलूड के नजदीक मतदान केंद्र में मतदान करेंगे।

# तमंचे व कारतूस सहित एक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

चम्पावत। वारदात की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने कल देर रात देशी तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर रात एसओजी व थाना टनकपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई बदमाश वारदात के इरादे से घूम रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी हेतु सयुंक्त चैकिंग अभियान शुरू किया।

इस दौरान संयुक्त टीम को सालुवनी जंगल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद किया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम रविन्द्र कुमार आर्य पुत्र मोहन चन्द्र आर्य निवासी सितारगंज बताया। पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# नहीं होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला

श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)। देव पूजन समिति धौड़गी, खलियान बडियारगढ़ द्वारा १५ जनवरी तक आयोजित वाले वाले क्षेत्रपाल देवता की पारंपरिक १२ वर्षीय महाकुंभ श्री राजजात–२०२२ के अवसर पर होने वाले समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मेले के आयोजन को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। जबकि देव पूजन अनुष्ठान को पूजन समति द्वारा कोविड–१६ प्रोटोकाल का पूर्ण पालन कर विधिवत निष्पादित किया जाएगा। देव पूजन समिति धौड़गी, खलियान बडियारगढ़ के अध्यक्ष रमेश गैरोला ने इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा कोविड–१६ के प्रसार की रोकथाम हेतु जारी आदेशों के तहत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने उप जिलाधिकारी कीर्तिनगर को भी इस संदर्भ में पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा कि १६ जनवरी तक धौड़गी में देवपूजन होने के कारण भीड़ एकत्र होने तथा कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु स्थानीय प्रशासन को व्यापक जनहित में अपेक्षित सहयोग प्रदान करे। क्योंकि भीड़–भाड़ अधिक होने तथा समिति के पास अपने सीमित संसाधन होने के कारण कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन कराने में सक्षम नहीं है।

# वर्क संस्था ने राहगीरों को चाय पिलायी

संवाददाता

देहरादून। वर्ड ऑर्गेनाइजेशन एंड रिलिजन ऑफ नॉलिज के कार्यकर्ताओं ने माजरा स्थित आई एस बी टी (बस स्टैंड)फ्लाई ओवर के नीचे पुलिस चौकी के सामने शाम से रात तक कड़कड़ाती सर्दी और बारिश के बीच जनहित मे फ्री चाय और बिस्किट का स्टॉल लगा कर स्थानीय व हर आने जाने वाले अमीर ,गरीब,राहगीर, मुसाफिर को चाय व बिस्किट बांटे वहां आने वाले सभी लोगों ने खुशी के साथ चाय पी व बिस्किट खाये और कहा कि ऐसे नेक व निस्वार्थ भाव से किये गए सेवा के कार्यों से इस मौसम में लोगों को काफी सहारा व राहत मिली है सभी ने ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद के साथ दुआएं भी दी वहां आकर चाय पीने वाले लोगों ने इस कार्य को प्रशंसा के साथ सराहा और और साथ मे सेवा कार्य भी किया

इस अवसर पर वर्क के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा जन हित व राष्ट्र हित के लिये किये गए कार्यों में जनता का आकर्षण, प्रसन्नता व सहयोग मिलने से हमे ऐसे कार्य आगे और करते रहने का बल मिलता है और इस प्रकार के कार्य हम आगे भी करते रहेंगे

इस अवसर पर मोहम्मद दानिश अफजल,आरिफ वारसी ,फ़ैजान अहमद,इलियास कुरैश वाहिद हुसैन,परवेज अहमद,राजीव शर्मा ,मोहम्मद जैद,मोहम्मद उजैर,आदि शामिल रहे।

# संघर्ष समिति ने शास्त्री को याद किया

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद किया।

आज यहां समिति के सदस्य चकराता रोड स्थित कार्यालय में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि में उनको याद किया। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि शास्त्री जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके जय जवान जय किसान के नारे को सदैव बुलंद रखें तथा उनके आदर्शों पर चलकर देश की निस्वार्थ भाव से सेवा करें। शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में अध्यक्ष अरविंद गुप्ता,प्रभात डंडरियाल,आरिफ वारसी, कुकरेती प्रवीण शर्मा ,राम सिंह प्रधान, राजकुमार बत्रा ,आदि उपस्थित रहे।

# चार दिनों से लगातार बारिश ने बढ़ाई चौतरफा ठंड

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। बीते चार दिनों से लगातार हो रही बारिश और बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। केदारनाथ धाम में करीब ४ फीट बर्फ गिर गई है जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश ने ठंडक बढ़ा दी है। बारिश से ऊंचे ग्रामीण इलाकों के साथ ही बर्फ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां बढ़ गई है।

सोमवार को भी जिलेभर में सुबह से बारिश जारी रही। केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ, चन्द्रशिला, देवरियाताल, सारी, तोषी, त्रियुगीनारायण, गौंडार, रांसी, कार्तिक स्वामी, घिमतोली आदि गांवों में बर्फ गिर गई है। भारी हिमपात के चलते यहां जनजीवन काफी प्रभावित हो गया है। ऊंचाई वाले स्थानों पर लोग घरों में दुबक गए हैं। केदारनाथ में ४ फीट तो तुंगनाथ और चन्द्रशिला में ३ फीट बर्फ गिरी है। बर्फबारी के चलते ऊखीमठ–चोपता–गोपेश्वर मोटर मार्ग बंद हो गया है।

मुख्यालय सहित जिले के अनेक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बारिश से परेशानियां बढ़ गई है। ठंड से बचने के लिए लोग अनेक जगहों पर अलाव का सहारा लेते रहे। इधर, न्याय पंचायत क्षेत्र फाटा में बीते तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण केदारनाथ सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात हो रहा है, इसके साथ ही निचले छेत्र तोषी त्रियुगीनारायण, नागताल, नान्तोली, जामू आदि सीमांत इलाकों में भी बर्फबारी से ग्रामीण जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

ग्रामीणों के सम्मुख अपने मवेशियों के लिए चारापत्ती का संकट भी पैदा हो गया। ग्राम प्रधान त्रियुगीनारायण प्रियंका तिवारी ने बताया कि भारी बर्फबारी होने से ग्रामीणों की मुश्किल बड़ी हैं। ग्रामीणों के सामने अपने पशुओं के चारे का संकट पैदा हो गया है। व्यापारी महेंद्र सेमवाल ने बताया कि क्षेत्र में बर्फबारी होने से सभी व्यापरियों को पर्यटकों के अधिक संख्या में आने की उम्मीद जगी है।

# कंधे की अकड़न से छुटकारा दिला सकती हैं ये स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

कई लोग कंधे की अकड़न को नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में असहनीय दर्द का कारण बन जाता है और कई बार दर्द के कारण फिजियोथेरेपी सेशन लेने तक की जरूरत पड़ जाती है। अगर आप भी कंधे की अकड़न का सामना कर रहे हैं तो आप कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के माध्यम से इससे राहत पा सकते है। चलिए फिर ऐसी ही कुछ खास स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बारे मे जानते हैं।

डबल नी टू चेस्ट एक्सरसाइज

इसके लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेटकर अपने दोनों घुटनों को मोड़ते हुए पेट या छाती के ऊपर लाएं। अब अपने हाथों से घुटनों को पकड़ें और 1० सेकेंड तक पकड़े रहें, फिर पहले वाली अवस्था में लौट जाएं। आप चाहें तो अपने हाथों से पैरों को सहारा देते हुए इस स्थिति में 15 से 3० सेकेंड के लिए रह सकते हैं। अंत में धीरे-धीरे अपने पैरों को नीचे कर लें।

ग्लूट्स स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

इसके लिए सबसे पहले जमीन पर अपने पैरों को सामने की तरफ सीधा फैलाकर बैठें। फिर अपने दाएं पैर को घुटने से मोड़ते हुए अपने बाएं पैर के घुटने के पास जमीन से सटाने की कोशिश करें। इसके बाद अपने दाएं हाथ को कमर के पीछे और बाएं हाथ को दाएं पैर के पंजों पर रखें और शरीर को पीछे की ओर स्ट्रेच करें। 2०-3० सेकंड के लिए इसी अवस्था में रहें और फिर दूसरे पैर से इसे दोहराएं।

बीयर हग एक्सरसाइज

यह स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कंधे की अकड़न से राहत दिलाकर मांसपेशियों को आराम देने में सहायक है। इसके लिए बेड पर सीधे बैठकर अपने दाएं हाथ की हथेली से अपने बाएं कंधे को पीछे से छूने की कोशिश करें। इसी तरह से अपने बाएं हाथ की हथेली से अपने दाएं कंधे को पीछे से छूएं। इसे करके आपको ऐसा लगेगा जैसे आप खुद को गले लगा रहे हैं। कुछ देर इस एक्सरसाइज को करने के बाद सामान्य हो जाएं।

साइड बेंड एक्सरसाइज

इस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज को करने के लिए जमीन पर चोकड़ी मारकर बैठ जाएं। अब अपने दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और बाईं ओर झुककर खुद को अधिक से अधिक स्ट्रेच करने की कोशिश करें। इस अवस्था में 1० से 15 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को अपने बाएं हाथ से भी दोहराएं। हर तरफ से कम से कम 2० बार ऐसा करें। बेहतर परिणाम के लिए कुछ दिनों तक इस स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज को लगातार करें।

# घर की साफ-सफाई करते समय भूल से भी न करें ये गलतियां

कई लोग अपने घर के हर एक कोने को साफ करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं, फिर भी घर की सफाई के दौरान अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिनकी वजह से मेहनत से की गई सफाई पर पानी फिर सकता है। आइए आज हम आपको ऐसी ही कुछ सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं ताकि आप अपने घर की सफाई करते समय इनसे बच सकें।

आमतौर पर लोग अपने घर की सफाई के लिए पोछा, ब्रश और माइक्रोफाइबर कपड़ा आदि चीजों का इस्तेमाल करते हैं। शायद आप भी करते होंगे, लेकिन क्या जानते हैं कि गंदे क्लीनिंग टूल्स के इस्तेमाल से आप अपने घर को और भी ज्यादा गंदा कर रहे हैं क्योंकि इस तरह कीटाणु एक स्थान से दूसरी जगह पर फैल जाते हैं। इसलिए रोजाना इन्हें भी साफ करें। इसके लिए आप गर्म पानी और एंटी-बैक्टीरियल क्लीनिंग सॉल्यूशन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

अगर काफी देर तक गंदे बर्तनों को सिंक में छोड़ देते हैं तो आप ऐसा करना सबसे बड़ी गलती है। दरअसल, बर्तन जितनी देर तक सिंक में रहेंगे, उन पर उतने ही ज्यादा कीटाणु जमा होने लगेंगे। इसके अलावा, सिंक में कभी भी बचे हुए खाने के साथ प्लेट न रखें क्योंकि इससे भी सिंक में कीटाणु के बढ़ने की संभावना अधिक हो जाती है। इसलिए जब सिंक में गंदे बर्तन दिखें तो उन्हें तुरंत धो दें।

अगर आप क्लीनिंग प्रोडक्ट्स का अधिक इस्तेमाल करते हैं तो यह आपके घर की चीजों को साफ करने की बजाय उन्हें तेजी से खराब कर सकते हैं। उदाहरण के लिए अगर आप कपड़े धोने के लिए अधिक डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे न सिर्फ अधिक पानी की जरूरत पड़ेगी और कपड़ों की कोमलता भी खराब होने लगेगी। इसी तरह अधिक फर्श क्लीनर के इस्तेमाल से फर्श की चमक भी खोने लगेगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# स्वस्थ बालों के लिए घर पर बनाएं हेयर मास्क



बालों की समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए लोग न जाने कितनी तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बालों को काफी नुकसान पहुंचता है क्योंकि ये केमिकल्स युक्त होते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे हेयर मास्क बनाने की विधि बताने जा रहे हैं जिनका इस्तेमाल करके आप अपने बालों को प्राकृतिक तौर पर स्वस्थ रख सकते हैं।

पपीते, केले और शहद का हेयर मास्क

**सामग्री:** पके हुए पपीते का एक चौथाई भाग (पिसा हुआ), एक पका हुआ केला और दो चम्मच शहद। हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरी में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें। फिर इस मिश्रण को स्कैल्प समेत पूरे बालों पर लगाएं और 15-2० मिनट के लिए सिर को शावर कैप से ढक लें। इसके बाद बालों को पहले गुनगुने पानी से धोएं और फिर शैंपू से धोएं।

अलसी के बीज, नींबू के रस और एसेंशियल ऑयल का हेयर मास्क

**सामग्री:** एक चौथाई कप अलसी के बीज (रातभर भिगोई हुई), थोड़ा नींबू का रस और कुछ बूंदें एसेंशियल ऑयल। हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: भीगी अलसी को छानकर एक पैन में दो कप पानी के साथ डालें और इसे उबाल लें। जैसे ही पानी गाढ़ा हो जाए, इसमें नींबू का रस मिलाएं। फिर मिश्रण को ठंडा करके इसमें एसेंशियल ऑयल मिलाएं। अब इसे रात में बालों पर लगाकर सो जाएं और अगली सुबह बालों को धोएं।

एवोकाडो, जैतून के तेल और बादाम के तेल का हेयर मास्क

**सामग्री:** एक पके हुए एवोकाडो का गूदा, आधा कप दूध, एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल और एक बड़ी चम्मच बादाम के तेल। हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: सबसे पहले एक मध्यमाकार कटोरे में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें। फिर इस मिश्रण को अपने बालों में लगाएं और 15-2० मिनट के लिए सिर को शावर कैप से ढक दें। इसके बाद बालों को गुनगुने पानी से धो लें।

एसेंशियल ऑयल हेयर मास्क

**सामग्री:** 5-1० बूंदें लैवेंडर एसेंशियल ऑयल, 5-1० बूंदें रोजमेरी एसेंशियल ऑयल और दो बड़ी चम्मच पिघला हुआ नारियल का तेल। हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: सबसे पहले सभी सामग्रियों को एक कटोरी में डालकर अच्छे से मिला लें। फिर इस मिश्रण को रात के समय अपने स्कैल्प समेत पूरे बालों पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं और शावर कैप पहनकर सो जाएं। फिर अगली सुबह बालों को माइल्ड शैंपू और कंडीशनर से धो लें।

# टिस्का चोपड़ा ने शुरू किया नया प्रोग्राम 'टिस्कास टेवल'

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा जोकि अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने समाजिक बुराईयों के खिलाफ बात करने के लिए एक नया शो टिस्कास टेवल की शुरूआत की हैं। इस शो में वह समाज में प्रचलित टैबू और ढेर सारे सोशल ईशूज को उजागर करते हुए नजर आयेंगी। इस शो की पहली गेस्ट मिस यूनिवर्स हरनाज कौर की ड्रेस को डिजाइन करने वाली ट्रांसवुमेन सायशा शिंदे नजर आयेंगी जोकि एक अपने ट्रांसवुमेन बनने की कहानी को बंया करेंगी।

टिस्का ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से इस शो का टीजर साझा करते हुए लिखा कि, ' 'अक्सर ऐसा होता हैं कि जो पारंपरिक बाते हमे बचपन से बताई जाती हैं उनके खिलाफ बोलने पर हम हमेशा कतराते हैं। लेकिन ऐसी बहुत सी बातें हैं जिनके खिलाफ हमे बोलना चाहिए परंतु हम बोल नहीं पाते।और मेरे साथ भी ऐसा हुआ जब मैं इस चीज के बारें मे नहीं जानती थी और बाद में मुझे पछतावा भी हुआ।लेकिन जब मैंने ऐलेन पेज की कहानी सुनी तो मुझे अहसास हुआ कि एक दूसरे शरीर में रहना कितना दुखदायी होता हैं जोकि आपका हैं नही,यह सब सोचकर मुझे रातभर नींद नहीं आई। जब मैने एलीजीबीटीक्यूए को समझने की कोशिश की तो मुझे इससे जुड़े कई सारे टर्म्स जैसेकि जैंडर नॉन कॉन फॉर्मिंग, नॉन बाईनेरी,अजैंडर,बाईजेंडर और ट्रांसजेंडर जैसी चीजे समझ आई।

फिर मैने मानी-जानी डिजाइनर सायशा शिंदे से बात की जिन्होंने बहुत सी महिलाओं को अपने द्वारा डिजाइन किए कपड़ो से खूबसूरत बनाया। लेकिन वह अपने शरीर से संतुष्ट नहीं थीं। अब वह अपनी इस हिम्मत भरी कहानी को जिससे उन्हे अपनी असल पहचान मिली के बारे में मेरे शो टिस्कास टेवल पर बतायेंगी।

## शब्द सामर्थ्य - 86

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 85 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# कुछ कुछ होता है की रीमेक में काम करना चाहती हैं सारा

सारा अली खान ने हाल में उन्होंने एक इंटरव्यू में साउथ के दिग्गज अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ काम करने की इच्छा जताई थी। अब उन्होंने एक अन्य इंटरव्यू में कहा है कि वह कुछ कुछ होता है की रीमेक में देवरकोंडा के साथ काम करना चाहेंगी। सारा ने कहा कि वह देवरकोंडा के साथ कुछ कुछ होता है की रीमेक में काम करना पसंद करेंगी। जब सारा से पूछा गया कि वह अतीत की किस फिल्म में देवरकोंडा और जाह्नवी कपूर के साथ काम करना पसंद करेंगी, तब उन्होंने इस संबंध में जानकारी दी। वाकई दर्शक भी धनुष के बाद साउथ के एक और बड़े स्टार देवरकोंडा के साथ सारा को पर्दे पर देखना चाहेंगे।

सारा ने कहा, मुझे लगता है कि अगर करण जौहर हमारे (सारा, जाह्नवी और देवरकोंडा) साथ कुछ कुछ होता है बनाएंगे, तो यह बहुत अच्छा होगा। मुझे लगता है कि आपको उन्हें अभी फोन करना चाहिए। मुझे लगभग 98.3 प्रतिशत भरोसा है कि वे इसके लिए सहमत होंगे। मुझे लगता है कि हमें यह करना चाहिए। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया था कि वह धनुष के बाद देवरकोंडा के साथ काम करना चाहेंगी।

रोमांटिक ड्रामा फिल्म कुछ कुछ होता है 16 अक्टूबर 1998 को रिलीज हुई थी। करण ने ही इस फिल्म का निर्देशन किया था। फिल्म में प्यार और रिश्तों को इतनी खूबसूरती से पिरोया गया है कि दर्शक आज भी इसे याद करते हैं। शाहरुख खान और काजोल की जोड़ी ने कमाल कर दिया था। सलमान खान ने भी अपनी भूमिका से छाप छोड़ी थी। फिल्म के गाने आज भी दर्शकों को प्यार के सरगम में डुबो देते हैं।

देवरकोंडा लाइगर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। ऐसी चर्चा है कि यह फिल्म अगले साल 1 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म को प्रोड्यूसर करण निर्मित कर रहे हैं। इस फिल्म के साथ देवरकोंडा बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। उन्हें अर्जुन रेड्डी, डिअर कॉमरेड और नोटा जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म में देवरकोंडा और अनन्या पहली बार स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे। सारा अभिनेता विक्की कौशल के साथ एक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती हैं। लक्ष्मण उतेकर इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद एल राय की फिल्म नखरेवाली में भी सारा अपनी मौजूदगी दर्ज करवा सकती हैं। ऐसी भी चर्चा है कि सारा, कार्तिक आर्यन के साथ पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में काम कर रही हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

# हीरोपंती 2 से भूल भुलैया 2 तक, इस साल आएंगी कई हिट फ्रेंचाइजी की फिल्में

बॉलीवुड के लिए नया साल कई वजहों से खास साबित होने वाला है। इस साल कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। मेकर्स इस उम्मीद में हैं कि इस साल कोरोना महामारी का असर फिल्म इंडस्ट्री पर नहीं पड़ेगा।

आज हम आपको उन हिट फ्रेंचाइजी की फिल्मों से रूबरू कराएंगे, जो 2022 में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। दर्शक इन फिल्मों की राह लंबे समय से देख रहे हैं।

टाइगर श्रॉफ की फिल्म हीरोपंती 2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म इसी साल अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के पहले भाग हीरोपंती के साथ टाइगर ने बॉलीवुड में कदम रखा था। यह फिल्म हिट साबित हुई थी और टाइगर के अभिनय को भी सराहना मिली थी। हीरोपंती 2 का निर्देशन अहमद खान ने किया है। टाइगर के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और तारा सुतारिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

भूल भुलैया का जादू बड़े पर्दे पर खूब चला था। फिल्म 2007 में आई थी, जिसमें अक्षय कुमार और विद्या बालन नजर आए थे। इसके सीक्वल भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं। वह तब्बू और कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मार्च में दर्शकों के बीच आएगी। अब देखना है कि ऑरिजनल फिल्म की तरह यह फिल्म अपना जलवा दिखा पाती है या नहीं। 2018 में आई कॉमेडी फिल्म बधाई हो पर दर्शकों ने दिल खोलकर प्यार बरसाया था। गजराज राव, नीना गुप्ता, आयुष्मान खुराना और सान्या मल्होत्रा ने अपने अभिनय से फिल्म में तड़का लगाया था। अब इस फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म बधाई दो की रिलीज का इंतजार है। इसका निर्देशन हर्षवर्धन कुलकर्णी ने किया है। इस फिल्म में राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर नजर आएंगे। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। एक विलेन 2014 में आई थी। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख मुख्य भूमिका में थे। फिल्म ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की कमाई की थी। अब इसकी अगली कड़ी एक विलेन रिटर्न्स जुलाई में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में दिशा पटानी, जॉन अब्राहम, तारा सुतारिया और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ऑरिजनल फिल्म की तरह इस फिल्म का निर्देशन भी मोहित सूरी कर रहे हैं। 2001 में आई गदर: एक प्रेम कथा बॉलीवुड की ऐतिहासिक फिल्म है। गदर में सनी देओल तारा सिंह नामक शख्स के किरदार में दिखे थे, जबकि अमीषा पटेल सकीना के किरदार में दिखी थीं। गदर का निर्देशन अनिल शर्मा ने किया था।

# बॉलीवुड में काम करने को तैयार हैं साउथ की स्टार साई पल्लवी



साउथ से कई अभिनेत्रियां बॉलीवुड की ओर रुख कर चुकी हैं और अब इस फेहरिस्त में दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री साई पल्लवी भी शामिल होने वाली हैं। साई को ना सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड में भी खूब पसंद किया जाता है और उन्हें अब तक कई हिंदी फिल्मों के प्रस्ताव भी मिल चुके हैं। हाल ही में जब साई से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने क्या जवाब दिया, आइए जानते हैं।

साई से पूछा गया कि क्या वह बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, मैं बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हूं, बशर्ते फिल्म की कहानी अच्छी होनी चाहिए और मेरा रोल ऐसा हो, जो मुझ पर सूट करे। मेरे लिए फिल्म की कहानी बहुत मायने रखती है। अच्छी कहानी मिल गई तो मैं बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर लूंगी। साई की बातों से लगता है कि वह खुद को साउथ तक सीमित नहीं रखना चाहतीं।

साई आजकल फिल्म श्याम सिंघा रॉय को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें उनके साथ साउथ के सुपरस्टार नानी नजर आए हैं। फिल्म में ना सिर्फ नानी, बल्कि साई की भी खूब तारीफ हो रही है। सोशल मीडिया पर तो यूजर्स का कहना है कि यह अभिनेत्री की अब तक की सबसे शानदार परफॉर्मेंस है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही है। राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज हुई है।

साई की अगली पीरियड ड्रामा फिल्म विराट पर्वम का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसमें उनकी जोड़ी बाहुबली में भल्लादेव बनकर मशहूर हुए अभिनेता राणा दग्गुबाती के साथ बनी है। खास बात यह है कि दोनों को पहले कभी पर्दे पर साथ नहीं देखा गया था। फिल्म 1990 के दशक की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें राणा ने कॉमरेड रावण की भूमिका निभाई है। फिल्म राणा और साई की यात्रा और युद्ध में उनकी प्रेम कहानी को दर्शाएगी।

अपनी पहली ही फिल्म फिदा के साथ तेलगु अभिनेत्री साई पल्लवी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। वह अपने अलग किरदारों के लिए जानी जाती हैं। एक्टर होने के साथ-साथ साई एक ट्रेंड डांसर भी हैं। उनकी खासियत पर्दे पर कम मेकअप और अपने चेहरे को जस का तस पेश करना है। साई कहती हैं कि वह सुंदर दिखने के लिए कभी मेकअप का इस्तेमाल नहीं करतीं। इस वजह से साई सिने प्रेमियों के बीच जबरदस्त लोकप्रिय हैं।

साउथ के बाद श्रीदेवी ने बॉलीवुड में कदम रखा था और कई सुपरहिट फिल्में दीं। श्रुति हासन ने लक से तो तापसी पन्नू ने चश्मेबद्दूर से बॉलीवुड में एंट्री की। काजल अग्रवाल ने सिंघम, वहीं इलियाना डिक्रूज ने बर्फी से बॉलीवुड में आगाज किया था।

# पहली बार एक्शन फिल्म का निर्देशन करेंगे करण जौहर

करण जौहर बॉलीवुड के महान फिल्म निर्माता और निर्देशक के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें रोमांटिक मिजाज की फिल्में बनाने में महारत हासिल है। उन्होंने ही कुछ कुछ होता है जैसी रोमांटिक ड्रामा का निर्देशन किया था। अब उनके प्रशंसकों को बहुत जल्द करण का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। अब सुनने में आ रहा है कि फिल्ममेकर करण पहली बार एक्शन फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करण अपने करियर में पहली बार एक्शन फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। प्रोडक्शन हाउस के सूत्रों ने संकेत दिया कि यह एक एक्शन और प्रेम कहानी पर आधारित फिल्म होगी, जिसे बड़े पैमाने पर बनाया जाएगा। इसमें दर्शकों के लिए खास बात यह है कि फिल्म के निर्देशन का जिम्मा खुद करण संभालेंगे। इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया गया है। फिलहाल प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

हाल में करण ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली पहली एक्शन फिल्म का ऐलान किया था। करण ने बताया था कि उनका प्रोडक्शन हाउस पहली बार एक एक्शन फिल्म पर काम कर रहा है। करण ने अपने पोस्ट में लिखा था, धर्मा प्रोडक्शंस अपनी पहली एक्शन फ्रेंचाइजी की घोषणा करने जा रहा है। हमारे साथ जुड़े रहें। कल एक बड़ा ऐलान होने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस की इस फिल्म का चेहरा सिद्धार्थ मल्होत्रा हो सकते हैं।

करण ने अपने फिल्मी करियर में कई हिट और सुपरहिट फिल्में बनाई हैं। कभी अलविदा ना कहना कल हो ना हो और माय नेम इज खान जैसी उनकी ज्यादातर फिल्में दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरी हैं। करण के खाते से ये जवानी है दीवानी, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, बद्रीनाथ की दुल्हनिया और केसरी जैसी कई सफल फिल्में जुड़ी हैं। अब पहली बार करण एक एक्शन फिल्म के निर्देशन की कमान संभालेंगे।

करण इन दिनों फिल्म लाइगर के काम में व्यस्त हैं। फिल्म मिस्टर लेले के निर्माता भी करण ही हैं। इस फिल्म के हीरो अभिनेता विक्की कौशल हैं। करण ब्रह्मास्त्र और दोस्ताना 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। करण फिल्म तख्त पर काम कर रहे हैं। वह फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के निर्देशन की कमान भी संभाल रहे हैं। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी को लेकर भी करण एक रोमांटिक फिल्म बनाने की तैयारी में हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर नहीं चला फिल्म 83 का जादू, अब ओटीटी पर लाने की तैयारी

रणवीर सिंह की फिल्म 83 को लेकर खूब हो-हल्ला मचा हुआ था। कयास लगाए जा रहे थे कि फिल्म रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी, लेकिन हुआ इसके उलट ही। फिल्म टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं हुई है। रणवीर की यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रही। खैर, अब जो दर्शक इसे सिनेमाघर में नहीं देख पाए, वे इस फिल्म को ओटीटी पर देख पाएंगे।

लंबे इंतजार के बाद फिल्म 83 रिलीज हुई थी, लेकिन ओमिक्रॉन के आने से सबकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। अच्छी कहानी और अच्छे सितारे होने के बावजूद फिल्म खास कमाई नहीं कर पाई। अपने ओपनिंग डे पर फिल्म ने करीब 15 करोड़ रुपये कमाए, जो सूर्यवंशी और पुष्पा के मुकाबले बेहद कम थे, इसलिए अब मेकर्स फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने की सोच रहे हैं। वे इसकी डिजिटल रिलीज से नुकसान की भरपाई करने की तैयारी में हैं।

निर्देशक कबीर खान ने स्वीकार कर लिया है कि 83 की कमाई निराशाजनक है। उन्होंने कहा, यह फिल्म 18 महीने पहले बनकर तैयार थी। हम चाहते थे कि लोग इसे बड़े पर्दे पर देखें, क्योंकि इसे इसी तरह बनाया गया था। उन्होंने कहा, हमने इसे सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोरोना के बढ़ते मामलों ने ऐसा होने नहीं दिया। रिलीज के चौथे दिन बाद से ही दिल्ली में थिएटर बंद हो गए।

कबीर ने बताया, हमें नहीं पता था कि कोरोना के कारण इतनी जल्दी सिनेमाघर बंद कर दिए जाएंगे। अगर और पाबंदियां लगाई गईं तो हम फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कपिल देव ने उन्हें दिलासा देते हुए कहा था, जब हमने 1983 वर्ल्ड कप जीता तो हमें भी पैसे नहीं मिले थे। हमें सम्मान मिला। आपने यह फिल्म सम्मान के लिए बनाई है और वो आपको मिल रहा है, उस पर ध्यान लगाओ। साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा की लोकप्रियता के चलते भी 83 कमाई नहीं कर पाई। कोरोना काल में पुष्पा सिनेमाघरों में धड़ाधड़ कलेक्शन कर रही है, वहीं 83 को कमाई के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। 83 के मुकाबले दर्शक पुष्पा देखने के लिए ज्यादा उत्सुक दिख दे रहे हैं। पुष्पा जहां भारत में 250 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है, वहीं 83 अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है।

# अतीत से सबक ले चुनौती का मुकाबला

सुरेश सेठ

हमारा देश उत्सवधर्मी देश है। अभी दिवाली से लेकर नववर्ष के आगमन तक उत्सव मनाने के दिन थे। कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के बढ़ते खतरे के बावजूद, सेहत संगठनों, प्रशासन एवं प्रधानमंत्री की चिंताभरी चेतावनियों के बावजूद, सभी के आदेश केवल भाषणों, मीडिया एवं विज्ञापन प्रसारणों का शृंगार रहे। दिसंबर के आखिरी दिनों में बर्फबारी देखने का आनंद लेने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ ने शिमला से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी स्थलों का रुख किया। सभी होटल और रुकने के स्थल भर गये। शिमला में तो गाड़ियों की पार्किंग की जगह नहीं रही। अत: कायदे तोड़ कर जहां जगह मिले, वहीं गाड़ी पार्क कर लो, का अलिखित नियम लागू हो गया।

किसान इस बीच दिल्ली मोर्चा विजय कर लौटे अपनी नयी प्राप्त राजनीतिक शक्ति को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। टोल प्लाजा की दरें बढ़ने से लेकर कर्ज माफी और एमएसपी देने की अनिवार्यता तक के मुद्दे पर उनके धरने पंजाब में लग गये। रेल ट्रैक भी निशाना बने। पंजाब से गुजरने वाली हर रेलगाड़ी मुल्तवी हो गयी। परिवहन व्यवस्था चरमरा गयी। रेलें बन्द तो बसों पर यात्रियों का रिकार्ड बोझ बढ़ गया। वैष्णो देवी में अटक गयी भारी भीड़ को इनके द्वारा निकालना एक समस्या बन गयी।

'हम नहीं सुधरेंगे' के अंदाज में अब जबकि नये वर्ष का उत्सव भी इस भीड़ भरे अंदाज में मना लिया गया है। कोरोना महामारी की तीसरी लहर के आगमन की चिंता भरी खबरें आने लगी हैं। कई महीनों तक देश में टीकाकरण के रिकार्ड तोड़ अभियान के कारण विशेषज्ञ यह कह रहे थे कि भारत में कोरोना की तीसरी लहर का आना स्थगित हो गया है। लेकिन अब कई महीनों के बाद कोरोना के केस बढ़ने लगे और वह भी ओमीक्रोन वेरिएंट के।

एक केस कर्नाटक से शुरू हुआ था। एक पखवाड़े में ही इसने देश के सत्रह राज्यों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। एक से बढ़कर केस साढ़े तीन सौ के पार चले गये। यह वृद्धि लगातार जारी है। सरकार 'हर घर टीकाकरण' और 'ट्रेसिंग, टैस्टिंग और टीकाकरण' की त्रिमुखी नीति के साथ इससे निपटने की नीति में नया दम भरना चाहती है। लेकिन वास्तविकता यह है कि पिछले कुछ महीनों में कोरोना का दबाव कम हो जाने से टीकाकरण की गति धीमी हो गयी थी। यहां तक कि टीकों के भारतीय उत्पादन को जरूरत से अधिक मानकर अधिक जरूरतमंद देशों में निर्यात करने की घोषणा भी हो गयी थी, सिरिंज बनाने वाली फैक्टरियों ने भी उत्पादन कम कर दिया था, ऐसी खबरें मिलीं। अब पुन: इस अभियान के लिए कमर कसनी होगी। घर-घर ट्रेसिंग, टैस्टिंग और टीकाकरण की घोषणा में नये प्राण डालने होंगे।

लेकिन क्या टीकाकरण ही इस लौटती महामारी की अंतिम दवा है? चिकित्सा विशेषज्ञ कहते हैं, 'जी नहीं।' ये टीके तो मात्र संक्रमित हो सकने वाले व्यक्तियों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, रोग के जड़ से उन्मूलक नहीं। इसके लिए इन टीकों को नये आविष्कार और शोध के साथ रोग को जड़ से उखाड़ देने वाला बनाना होगा।

कोरोना धूर्त है। पल-पल अपना रूप बदलता है। नये वायरस अपना तांडव दिखाते हैं। इसलिए न केवल ये टीके ऐसे बनें कि इन वायरसों की जड़ से खबर लें। बल्कि यह भी कहा जा रहा है कि अगर अब अपनी दुनिया कोरोना को हमेशा के लिए विदा नहीं कर सकती। फ्लू की तरह हर बरस इसका आगमन होता ही रहेगा। तो फ्लू के उपचार की तरह टीकों में निरंतर शोध चले, सेहत लाभ देने वाले तत्व इनमें शामिल होते रहें। मात्र रोग का मुकाबला करने के लिए रोगी की क्षमता बढ़ाने वाले टीके से काम नहीं चलेगा। अब एक ऐसा टीका बनाया जाये जो कोरोना में पनपने वाले हर वायरस की खबर ले और उसे बृहद स्तर पर पनपने न दे।

लेकिन अभी देश में ओमीक्रोन वेरिएंट वाले जिस कोरोना को त्वरित गति से चलने वाला रोग मान कर हम इसकी रोकथाम कर रहे हैं, इसके उपचार पुराने हैं। पहले तो यह माना जा रहा है कि रोगियों का इलाज पहले डेल्टा या डेल्टा प्लस वेरिएंट वाले में उपचार से हो जायेगा। वही पैरासिटामोल और ताकत बढ़ाने वाले विटामिन।

लेकिन रोग के इस नये रूप का मुकाबला करने के लिए नयी उपचार विधि अपनायी जाये। दूसरी लहर में की गयी गलतियां न दोहरायें। केवल घोषणा ही न हो कि इस बार आक्सीजन के सिलेंडरों और वेंटिलेटरों की कोई कमी न होने दी जायेगी, बल्कि यह देख लिया जाये कि क्या इनकी आपूर्ति हो गयी है? इनके इस्तेमाल के लिए निपुण परिचर्या करने वाले यथा स्थान पहुंच गये हैं। अभी तो हालत यह है कि चिकित्सा कर्मी जिन्हें कोरोना से जूझने वाले रणबांकुरों की प्रथम पांत कहा जाता है, वे अपनी अपूर्ण मांगों को लेकर पंजाब और अन्य जगहों पर हड़ताल पर हैं। ये हड़तालें निपटाइये, ताकि रोगियों की जान बचाने वाले संतुष्ट होकर पूरी शक्ति से रोगियों की सेवा में जुटे और उनकी जानें बचायें।

चाहे यह कहा जा रहा है कि ओमीक्रोन कोरोना बहुत तेजी से फैलता है, लेकिन कम खतरनाक है और रोगी को अस्पताल ले जाने की कम जरूरत पड़ती है। लेकिन अभी यह अध्ययन सौ प्रतिशत सत्य सिद्ध नहीं हुआ। अभी से प्रशासन तंत्र को सावधान होने की जरूरत है। दवाओं की चोरबाजारी, आक्सीजन सिलेंडरों, वेंटिलेटरों की बनावटी कमी और निजी अस्पतालों की चांदी काटने की मारामारी इस बार न हो, जैसा कि पिछली बार हुआ था।

तकनीकी और आंकड़ा विशेषज्ञ अभी से बता रहे हैं कि यह नया वर्ष कोरोना की तीसरी लहर ला रहा है। फरवरी मास तक इसके शिखर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए इससे जूझने वाली रणनीति को लागू कर दिया जाये।

जब यह लहर बता रही है कि इस बार इस महामारी की गिरफ्त में बूढ़ों के साथ बच्चे और गर्भवती औरतें अधिक आयेंगी तो बच्चों का टीकाकरण तत्काल शुरू किया जाये, जैसा कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में किया जा रहा है। जब अन्य देश कोरोना की तीसरी बूस्टर डोज लगाने की शुरुआत कर चुके हैं तो भारत में इसके फैसले में पीछे क्यों रहना? तत्काल बूस्टर डोज लगाने और बच्चों को टीका लगाकर सुरक्षित किया जाये, ताकि लगभग दो वर्षों के बाद जो जिंदगी सामान्य गति पकड़ रही है, उसमें हतोत्साह के अवरोध न खड़े हो जायें।

## नये साल पर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने वरुण बंगेरा संग अपने रिश्ते पर लगाई मुहर

टेलीविजन की जानी मानी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज के लिए जानी जाती है। पिछले ही दिनों वे बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा संग अपनी सगाई को लेकर चर्चा में आयीं थी। सोशल मीडिया पर उनकी सगाई की कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई थी। भले ही सोशल मीडिया पर करिश्मा और वरुण की सगाई की तस्वीरें वायरल हुई थी, लेकिन एक्ट्रेस की ओर से इस रिलेशनशिप को लेकर कोई भी ऑफीशियल जानकारी सामने नहीं आयीं थी। लेकिन नये साल पर करिश्मा ने वरुण संग अपने रिश्ते की ऑफीशियल अनाउंसमेंट कर दी। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बॉयफ्रेंड वरुण के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की है और साथ ही यह भी कहा है कि वह साल 2०22 के लिए काफी एक्साइटेड है।

करिश्मा द्वारा शेयर की गई तस्वीरों की बात करें तो एक में वह वरुण के हाथों में हाथ डाले बीच पर चलती हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी तस्वीर में, दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे घास के मैदान में वॉक करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं तीसरी तस्वीर में यह कपल हाथों में हाथ डाले बैठा हुआ है।

इन फोटोज को पोस्ट करते हुए करिश्मा ने कैप्शन में लिखा है, धन्यवाद 2०21, स2०22 के लिए उत्साहित..आप सभी को नया साल मुबारक हो।

करिश्मा तन्ना और वरुण बंगेरा की इन रोमांटिक तस्वीरों पर फैंस अपना खूब प्यार लूटा रहे हैं। वहीं फैंस अब इन दोनों की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहें हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो दोनों जल्द ही सात फेरे लेने वाले है।(आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.86

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.85का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# पूर्वोत्तर में स्थायी शांति की पहल जरूरी

हर्षदेव

सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून को हटाने की नगालैंड की मांग के पक्ष में जल्दी ही सकारात्मक फैसला लिया जा सकता है। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने इसका स्पष्ट संकेत दिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया है कि असम से भी इस कानून को हटाने पर विचार हो रहा है। यदि ऐसा निर्णय लिया जाता है तो यह निश्चय ही पूर्वोत्तर की राजनीति के लिए सही दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का कदम होगा और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। पूर्वोत्तर की राजनीति में धुरी की भूमिका निभा रहे मुख्यमंत्री सरमा का कहना है कि पूर्वोत्तर में कबीलाई उग्रवाद की राजनीति के दिन लद चुके हैं, उनकी यह बात काफी हद तक सही भी है। जो नई पीढ़ी आज सक्रिय है उसको अपने भविष्य और रोजगार के अवसरों की तलाश है। वह सात दशक से ज्यादा समय से चली आ रही कबीलाई राजनीति के संकुचित दायरों से बाहर निकलने को लालायित है। वह अपने भविष्य की ओर बढ़ना चाहती है। यह आने वाले समय की क्षेत्रीय सियासत के लिहाज से सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ रहा बहुत अहम घटनाक्रम है।

सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून को हटाने की मांग करने वालों में नगालैंड के अलावा मेघालय, मणिपुर और असम भी शामिल हैं। नगालैंड को इस बात से भी खासी नाराजगी है कि विवादों के बीच केंद्र सरकार ने इस कानून की अवधि छह महीने और बढ़ा दी है। विगत 4 दिसंबर को राज्य के मोन जिले में सुरक्षाबलों की गोलीबारी में 13 निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु की घटना के बाद इस कानून को हटाने की मांग उठाई गई थी, जिसको बाद में विधानसभा ने भी पारित कर दिया। केंद्र सरकार इस बीच यह कानून हटाने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन भी कर चुकी है। यूपीए सरकार में गृहमंत्री रहे पी. चिदंबरम ने मौजूदा विवाद के बीच खुलासा किया है कि इस कानून को खत्म करने की सिफारिश साल 2००5 में जस्टिस जीवन रेड्डी की कमेटी कर चुकी है। बाद में गठित आयोगों और अन्य कमेटियों ने भी यही राय दी थी।

सुरक्षा बलों को विशेष शक्ति देने वाला 1958 में लागू यह विशेष कानून समूचे पूर्वोत्तर राज्यों की जनता के विरोध का कारण रहा है। इस कानून का इस्तेमाल सुरक्षा बल और पुलिस एक हथियार की तरह करते रहे हैं। इसी वजह से नगालैंड विधानसभा ने पिछले दिनों सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर इस कानून को वापस लेने पर सहमति जताई थी। राज्य के अनेक नागरिक और धार्मिक संगठन भी बरसों से ऐसी ही मांग कर रहे हैं। पूर्वोत्तर में नगालैंड अकेला राज्य नहीं है जो इस मांग को लेकर अभियान चलाए हुए है, बल्कि प्राय: सभी राज्य इसमें शामिल हैं।

पूर्वोत्तर के राज्यों में असंतोष और बगावत की चुनौतियां नई नहीं हैं,लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षा बल जिस प्रकार कार्रवाई करते हैं उसको लेकर भी गंभीर सवाल उठते रहे हैं। बीते 4 दिसंबर को नगालैंड में जिस प्रकार पहले 6 और बाद में 7 और बेकसूर नागरिक सुरक्षा बलों की गोलियों का शिकार हुए, वह कोई कम चिंताजनक बात नहीं है। उससे पहले नवंबर महीने में मणिपुर के चूड़चंद्रपुर ज़िले में अलगाववादी गुरिल्लों ने असम राइफल्स के एक गश्ती दल पर हमला करके बटालियन कमांडर, उनकी पत्नी और बेटी के अलावा चार सैनिकों की भी जान ले ली थी।

असम के मुख्यमंत्री सरमा जो भी दावा करें, इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि पूर्वोत्तर में आज भी कबीलाई पहचान के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशीलता बनी हुई है। इस कारण विभिन्न गुट अपनी अलग पहचान को लेकर न केवल सुरक्षा बलों वरन आपस में भी टकराते रहते हैं।

इस बात में भी दो राय नहीं है कि सशस्त्र बल विशेषाधिकार कानून भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए एक बड़ा सवालिया निशान है। सुरक्षाबलों को किसी की भी जान लेने की छूट दे देना और उसके खिलाफ कार्रवाई न किए जाने का कानूनी प्रावधान कम से कम लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# वाधवा अध्यक्ष व सूद बने सचिव



देहरादून (संवाददाता)। महानगर कांग्रेस एंव व्यापार मंडल देहरादून के संरक्षक लालचंद शर्मा की अध्यक्षता में व्यापार मंडल देहरादून की नई कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में अजय वाधवा को अध्यक्ष, अनुज रस्तोगी को उपाध्यक्ष, राहुल सूद को सचिव, योगेश तनेजा को संयुक्त सचिव व विश्वरमन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीते रविवार को एक स्थानीय होटल में व्यापार मंडल देहरादून की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए लालचंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान कमेटी छोटे व्यापारियों के हितों का ध्यान रखेगी। इस अवसर पर चंद्रगुप्त, सतनाम, मनु कोचर, कुलवंत सिंह सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# नाबालिग का अपहरणकर्ता गिरफ्तार

रूद्रप्रयाग (हमारे संवाददाता)।। नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहरणकर्ता युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार बीती दो जनवरी को राजस्व क्षेत्रान्तर्गत पीड़ित परिवार द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी के सम्बन्ध में पटवारी चौकी में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की विवेचना 6 जनवरी को नियमित पुलिस को सौंप दी गयी थी, जिसकी जांच रूद्रप्रयाग कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही थी। जांच में जुटी पुलिस टीम को बीते रोज सूचना मिली कि उक्त गुमशुदा बालिका को एक युवक के साथ हरिद्वार में देखा गया है। जिसे पुलिस द्वारा बताये गये स्थान से देर रात गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपना नाम राजकुमार उर्फ राजू पुत्र कृपाल सिंह निवासी गांव बड़वानी खुर्द भरतपुर राजस्थान बताया। पुलिस ने उसे सम्बन्धित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# स्व. वेद उनियाल की 70 वीं जयंती पर उक्रांद ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा दल के वरिष्ठ नेता, राज्य आंदोलनकारी स्व. वेद उनियाल की 70वीं जयंती पर उन्हे पार्टी कार्यालय मे श्रद्धांजलि देते हुए याद किया गया। स्व. वेद उनियाल को याद करते हुए दल के महामंत्री सुनील ध्यानी ने कहा कि उनका जन्म चमोली जनपद के ग्राम सुनील में 11 जनवरी 1952 को देवी प्रसाद उनियाल व माताजी स्व. सुमति देवी के यहां हुआ था। परिवार मे उनके दो भाई राज्य आंदोलनकारी ओमी उनियाल व चंद्र प्रकाश उनियाल व पत्नी महेन्द्र कौर वेद उनियाल हैं।




कहा कि स्व. उनियाल डी.ए.वी. कॉलेज से स्नातक किया। छात्र जीवन मे कॉलेज से वह छात्र संघ के महासचिव भी रहे, छात्र जीवन से वह वामपंथी विचारों को लेकर चले, सामाजिक सरोकारों के सबसे बड़े पेरोपकारी स्व. उनियाल रहे। सन 1994 मे पहाड़ के गाँधी स्व. इंद्रमणि बड़ोंनी के कहने पर वह उक्रांद मे शामिल हो गए। कहा कि दल के थिंक टैंक के रूप से उन्हें जाना जाता है। इस अवसर पर लताफत हुसैन, जय प्रकाश उपाध्याय, राज्य आंदोलनकारी पूरन सिंह लिंगवाल, प्रभात डंडरियाल, उत्तम रावत, किरन रावत कश्यप, प्रांजल खंडूरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# स्मैक व इलैक्ट्रानिक तराजू सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर शाम 5. 40 ग्राम स्मैक व इलैक्ट्रानिक तराजू सहित गिरफ्तार कर लिया है।




जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया हुआ था। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरचन्दी से सिरचन्दी गांव को जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 5.40 ग्राम स्मैक व इलैक्ट्रानिक तराजू बरामद किया। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम मुकीम पुत्र मकसूद निवासी सिरचन्दी भगवानपुर बताया। बताया कि यह स्मैक मैने सिरचन्दी के अल्लादिया पुत्र जव्वाद निवासी सिरचन्दी से खरीदी थी, मैं स्मैक को खरीदकर फुटकर में बिट बनाकर फैक्ट्री एरिया में पीने वालो को बेचता हूं। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। वही अल्लादिया पुत्र जव्वाद की तलाश की जा रही है।

# यूकेडी की दावेदार ने की सुरक्षा दिए जाने की मांग

पौड़ी (आरएनएस)। यूकेडी की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष एवं पौड़ी विधानसभा सीट से यूकेडी की दावेदार पूनम टम्टा ने जिला निर्वाचन अधिकारी से सुरक्षा दिए जाने की मांग की है। कहा कि कुछ असामाजिक तत्व उन पर व उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर सुरक्षा देने की मांग की है। सोमवार को यूकेडी की पौड़ी सीट से दावेदार पूनम टम्टा ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया कि बीते रविवार की देर रात को उनके सिमखेत स्थित घर में कुछ असामाजिक तत्वों ने विद्युत पोल की तार काटकर उनके घर के आंगन में फेंक दी। जिससे उनका परिवार काफी सहमा हुआ है। कहा कि राजनैतिक द्वेष के चलते असामाजिक तत्वों द्वारा उनके व उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से उनको सुरक्षा दिए जाने की मांग की है।

# छावनी बाजार में व्हीकल एंट्री टैक्स बंद

विकासनगर (आरएनएस)। भारत सरकार के आदेश के बाद चकराता छावनी क्षेत्र में छावनी परिषद द्वारा व्हीकल एंट्री टैक्स लेना बंद कर दिया गया है। इस टोल के बंद हो जाने से हजारों वाहन मालिकों को राहत मिलेगी। छावनी परिषद में पूर्व में माल पर चुंगी वसूली जाती थी और व्यवसायिक वाहनों पर टोल वसूला जाता था। एक जुलाई २०१७ को जीएसटी लागू हो जाने पर माल पर चुंगी वसूली तो बंद हो गई, लेकिन टोल टैक्स जारी रहा। अभी चकराता कैंट में जिले से बाहर के चौपहिया वाहनों और व्यवसायिक वाहनों से एक सौ रुपये और बाइकों से ५० रुपये टोल और ट्रकों से १५० रुपये तक वसूले जा रहे थे। लेकिन विगत शनिवार असिस्टेंट डीजी कैंट दमन सिंह ने भारत सरकार के आदेश के अनुसार एक आदेश जारी कर तत्काल टोल बन्द करने के आदेश दिए हैं। जिसके बाद रविवार सुबह से चकराता सहित ६२ कैंट में टोल व्यवस्था बंद हो गयी। जिससे हजारों वाहन मालिकों को राहत मिली है।

# चंबा-उत्तरकाशी-कोटी कॉलोनी सड़क का पुस्ता टूटा

नई टिहरी (आरएनएस)। चंबा–उत्तरकाशी–कोटी कॉलोनी सड़क का पास पुस्ता ढ़हने से सड़क पर दरारें आ गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने आधी सड़क पर बेरिकेट लगाकर बंद कर दिया है। वाहन चालकों को सावधानी के साथ वाहन का संचालन करने को कहा जा रहा है। चंबा–उत्तरकाशी–कोटी कॉलोनी की ओर जाने वाले सड़क पर चंबा चौराहे के पास बने कूड़ेदान से लगा पुस्ता भारी बारिश के चलते बीते रविवार सांय को ढह गया। जिससे सड़क पर दरारें पड़ गई। लगातार वाहनों की आवाजाही के दबाव के कारण सड़क की दरारें धीरे–धीरे बढ़ रही हैं। चंबा पुलिस प्रशासन ने वाहनों की सुरक्षा की दृष्टि से सड़क के इस आधे हिस्से पर बेरिकेट लगाये हैं। बावजूद सड़क और क्षतिग्रस्त हुई तो सड़क से सटी दुकानें और आवासीय भवनों को खतरा पैदा हो सकता है। नगर पालिका चंबा के अधिशासी अधिकारी एसके चौहान ने बताया कि उक्त सड़क बीआरओ के अधीन आती है,पालिका प्रशासन की ओर से बीआरओ को सड़क क्षतिग्रस्त होने की सूचना दे दी गई है।

# सरकार के विकास कार्य जन-जन तक पहुंचाये: अग्रवाल

संवाददाता

ऋषिकेश। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचन्द अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सरकार के पांच साल के विकास कार्य जन- जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

आज यहां प्रदेश में आचार संहिता लगने एवं चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र में इन ५ वर्षों में स्थानीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति दिलाने को लेकर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रेमचंद अग्रवाल का आभार व्यक्त किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने भी सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए क्षेत्र के विकास में दिए गए सभी के सहयोग की सराहना की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव की तारीख घोषित हो चुकी है आप सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करते हुए प्रचार प्रसार में जुटना होगा। अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा इन ५ साल में किए गए कार्य का लेखा जोखा जन जन तक पहुंचना आवश्यक है। अग्रवाल ने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बननी तय है। अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में जो उत्साह एवं जोश कार्यकर्ताओं ने अभी तक दिखाया है वह आगे भी रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किए गए कार्यों को लेकर वह चुनाव में जनता के बीच जाएंगें। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, प्रधान सोबन सिंह कैंतुरा, राजेश जुगलान, अभिषेक जोशी, रवि शर्मा, नीलम चमोली, भूपेंद्र रावत, शिवानी भट्ट, सतपाल सैनी, कमला नेगी, समा पंवार, कविता शाह, अंजना चौहान, आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



## एक नजर

# योगी सरकार को झटका, मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया मंत्रिमंडल से इस्तीफा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। योगी सरकार के श्रम, रोजगार और समन्वय मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। मौर्य ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को इस्तीफा भेज दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर कहा कि दलितों, पिछड़ों, किसानों, बेरोजगार नौजवानों एवं छोटे–लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारियों की घोर उपेक्षात्मक रवैये के कारण उत्तर प्रदेश के योगी मंत्रिमंडल से इस्तीफा देता हूं। सरकार से नाराज हूं। स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में शामिल हो सकते हैं। मौर्य बसपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव ७ फरवरी से शुरू होकर ७ चरणों में होंगे, जबकि वोटों की गिनती १० मार्च को होगी। खबरों के मुताबिक बीजेपी के करीबी सूत्रों ने बताया कि स्वामी प्रसाद मौर्य आगामी चुनाव में एक और सीट की मांग कर रहे थे, जिसके लिए पार्टी तैयार नहीं थी। भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव रैलियों पर १५ जनवरी तक प्रतिबंध लगाये जाने के बाद कोरोना वायरस संक्रमण की मुसीबत ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव की अधिकतर लड़ाई वर्चुअल मंच पर पहुंचा दी है और सभी दलों ने वर्चुअल बिसात पर प्रतिद्वंद्वी को मात देने के लिए अपने मोहरे बिछाने शुरू कर दिए हैं।




# ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने मंगलवार को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल का परीक्षण पश्चिमी समुद्री तट पर भारतीय नौसेना के विध्वंसक जहाज आईएनएस विशाखापट्टनम से किया गया। यह मिसाइल का समुद्र से समुद्र में मार करने वाला स्वरूप है। भारतीय नौसेना के सूत्रों के अनुसार परीक्षण में मिसाइल ने अपनी अधिकतम रेंज के साथ टार्गेट शिप को पूरी सटीकता के साथ निशाना बनाया। इससे पहले पिछले महीने भारत ने ओडिशा तट के पास सतह से सतह पर मार करने में सक्षम स्वदेशी बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफल परीक्षण किया था। प्रलय १५० से ५०० किलोमीटर की मारक क्षमता के साथ, ठोस रॉकेट मोटर और अन्य नई तकनीक से लैस है। मिसाइल प्रणाली में अत्याधुनिक नौवहन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगे हुए हैं।



# केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट भी हुए कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्हें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। भट्ट ने खुद को घर में आइसोलेट कर लिया है। केंद्रीय मंत्री ने इसकी जानकारी ट्विटर पर दी। सोमवार की शाम उन्होंने ट्विटर पर लिखा, मुझे हल्के लक्षण के साथ कोरोना हुआ है। मैंने घर में खुद को आइसोलेट कर लिया है। जो लोग पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए हैं, कृपया खुद को आइसोलेट करें और अपना कोरोना जांच कराएं। देश में कोरोना का कहर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसकी जानकारी रक्षामंत्री ने ट्विटर पर दी है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, आज हल्के लक्षणों के साथ मुझे कोरोना हुआ है। मैं होम क्वारंटाइन में हूं। मैं उन सभी से अनुरोध करता हूं जो हाल ही में मेरे संपर्क में आए हैं और वे खुद को अलग कर लें और अपना कोरोना टेस्ट कराएं। इससे पहले भाजपा सांसद वरुण गांधी भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उनमें कोरोना के गंभीर लक्षण पाए गए हैं।



# 148 पेटी अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित दो गिरफ्तार



हमारे संवाददाता


उत्तरकाशी। शराब तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने कल देर शाम भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विधानसभा चुनावों के चलते शराब तस्करी को अंजाम दे रहे थे।

जानकारी के अनुसार बीती शाम एसओजी व थाना धरासू पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर विध ानसभा चुनावों को देखते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब की सप्लाई करने वाले

## ●एसपी उत्तरकाशी ने टीम को दिया 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार

है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसओजी व धरासू पुलिस ने संयुक्त चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान देवीसौड़ आर्कब्रिज के समीप एक संदिग्ध बुलेरो आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वाहन सवार दो लोग कूदकर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। बुलेरो वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें रखी 148 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम यतेन्द्र व यशपाल सिंह निवासी चिन्यालीसौंड़ बताया। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी द्वारा बताया गया कि निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु उत्तरकाशी पुलिस कटिबद्ध है, हमारी पुलिस टीमें चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों तथा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु लगातार सक्रिय है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। उक्त पुलिस टीम की सराहना करते हुये उनके द्वारा उत्साहवर्धन हेतु टीम को दस हजार का नगद पारितोषिक प्रदान किया गया। बहरहाल पुलिस ने उन्हे आबकारी अधिनियम की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# मायके नहीं भेजा तो लगायी फांसी



संवाददाता

देहरादून। विवाहिता को मायके नहीं भेजा गया तो उसने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि ऋषिनगर निवासी क्षेत्र में महिला ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका की पहचान मनीता पत्नी मुकेश कुमार निवासी ऋषिनगर के रूप मे हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि महिला आज सुबह से ही अपने मायके जाने की जिद कर रही थी। जिसपर परिजनों द्वारा मना किया जिसके बाद उसने सुबह नौ बजे उसने अपने कमरे में पंखे से लटकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसको लेकर वैश्य नर्सिंग होम भी गये लेकिन चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार मनीता मुकेश की दूसरी पत्नी थी इनका विवाह छह वर्ष पूर्व हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भाजपा-कांग्रेस के सामने..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

हो गयी है तो इनमें से कई बगावत भी कर सकते है और पार्टी से बगावती सुर निकलने शुरू हो जायेंगे कोई भी अपनी जीत को सुनिश्चित मानकर नहीं चल सकता है। जिसके चलते भाजपा का नारा अबकी बार 60 पार भी फेल हो सकता है।

# सत्यापनः 77 मकान मालिकों पर 7 लाख 70 हजार का जुर्माना

हमारे संवाददाता

देहरादून। किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आज 77 मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उन पर 7 लाख 70 हजार का जुर्माना किया गया है।

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अपराधों की रोकथाम हेतु एवं बाहरी व्यक्तियों व किरायेदारों के सत्यापन हेतु आज रायपुर थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस क्रम में रायपुर पुलिस द्वारा मयूर विहार क्षेत्र, ऋषि नगर, वाणी विहार, जैन प्लॉट में यह अभियान चलाया गया।

पुलिस की 6 टीमों ने इस अभियान में हिस्सेदारी की। सुबह छह बजे से चलाये गये इस अभियान में पुलिस टीमों द्वारा करीब 235 मकानों को चेक किया गया जिसमें से 77 मकान मालिको द्वारा अपने किरायेदारों का सत्यापन नही कराया गया था,



जिनका मौके पर पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधिनियम के तहत 7 लाख 70 हजार रूपये का कोर्ट का चालान किया गया है।

**आवश्यकता है**
**होटल साइना इन में**
आवश्यकता है वेटर व बिल क्लर्क की।
संपर्क करें-
9358134808

**आवश्यकता है**
आवश्यकता है एक माली की।
संपर्क करें-
9358134808

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*